रोगी सूचना

National Antibiotic Allergy Network

एंटीबायोटिक से एलर्जियाँ और साइड इफेक्ट्स

इस दस्तावेज़ को आपके संबंधित स्वास्थ्य देखभाल प्रोफेशनल की सलाह की जगह नहीं लेनी चाहिए।

कई लोग एंटीबायोटिक्स से रिएक्शन होने की सूचना देते हैं, विशेषकर पैनिसलीन से। अपनी एंटीबायोटिक एलर्जी के बारे में अपने डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स से बात करना महत्वपूर्ण होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा जा सके कि जब आपको ज़रूरत हो तब आप सही एंटीबायोटिक ले सकें।

एंटीबायोटिक एलर्जी क्या होती है?

कभी-कभी सूचित की गई एलर्जी "वास्तविक एलर्जी" नहीं बल्कि एक "साइड इफैक्ट" हो सकती है। "वास्तविक एलर्जी" और एक "साइड इफैक्ट" में अंतर होता है।

एंटीबायोटिक एलर्जी तब होती है जब शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली (इम्यून सिस्टम) किसी ऐसी एंटीबायोटिक से अत्यधिक (ओवर) रिएक्ट करती है जो उसे अच्छी नहीं लगती है। जब ऐसा होता है, तो प्रतिरोधक प्रणाली (इम्यून सिस्टम) एलर्जी के लक्षण पैदा करती है। एंटीबायोटिक एलर्जी गंभीर (प्राण-घातक) या हल्की हो सकती है।

एंटीबायोटिक्स से होने वाली "वास्तविक एलर्जियों" में शामिल हैं:

- एनाफलैक्सिस (दवाईयों, खाद्य सामग्रियों जैसे पदार्थों या कीड़े-मकोड़ों के काटने से गंभीर, प्राण-घातक एलर्जिक रिएक्शन)। एनाफलैक्सिस के लक्षणों और चिन्हों में शामिल हैं:
  - ब्लड प्रैशर का बहुत कम होना
  - नाड़ी या धड़कन का बहुत धीमा और/य तीव्र होना
  - किसी पदार्थ के संपर्क में आने के तुरंत बाद, अन्य लक्षणों के साथ चकत्ते होना
  - होंठों पर या जीभ पर सूजन

  यदि आपको ख़ुद में एनाफलैक्सिस के कोई भी चिन्ह या लक्षण नज़र आयें, तो आपको तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए तुरंत 000 पर फोन करना चाहिए।

- अन्य चकत्ते (रैशेज़)

अगर आपको पता है कि आपको किसी एंटीबायोटिक से एलर्जी होती है तो यह बात अपने डॉक्टर को बताना महत्वपूर्ण है।

एंटीबायोटिक साइड इफैक्ट क्या होता है?

एंटीबायोटिक्स सहित, सभी दवाईयों से साइड इफैक्ट्स हो सकते हैं। इसीलिए आपको एंटीबायोटिक केवल ज़रूरत होने पर ही लेने चाहिए। साइड इफैक्ट में शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली (इम्यून सिस्टम) शामिल नहीं होती है। एंटीबायोटिक के साइड इफैक्ट्स एक सामान्य बात है।
एंटीबायोटिक्स के साइड इफैक्टों में शामिल हैं:

- चकत्ते (रैश) के बिना खुजली होना
- मतली, उल्टी, दस्त या पेट में गड़बड़ी होना
- सिर में दर्द होना
- छाले (थ्रश)

क्या आपको किसी एंटीबायोटिक से एलर्जी या साइड इफैक्ट हो चुके हैं?

आपके डॉक्टर, फार्मासिस्टया या नर्स द्वारा यह मालूम करने के लिए आपके साथ मिलकर काम किया जाएगा कि आपको जो रिएक्शन हुआ था वो एक साइड इफैक्ट था या फिर वास्तविक एलर्जी थी। आपसे प्रश्न पूछे जायेंगे और जितना संभव हो उतनी ज़्यादा जानकारी देना महत्वपूर्ण होता है। **यदि आपको किसी एक तरह के एंटीबायोटिक से एलर्जी है तो उसका यह मतलब नहीं है कि आप सभी तरह के एंटीबायोटिक्स से एलर्जिक हैं।**

आपके डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स द्वारा आपको और आपके सामान्य डॉक्टर(रों) को बता दिया जाएगा कि किसी एंटीबायोटिक से आपको हुआ रिएक्शन एक साइड इफैक्ट था या फिर एलर्जी थी। आपके मेडिकल रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जाएगा।

क्या मुझे एलर्जी जाँच करवाने की आवश्यकता है?

यदि आपने किसी एंटीबायोटिक से साइड इफैक्ट होने की सूचना दी थी, तो आपको एलर्जी जाँच करवाने की आवश्यकता नहीं है। आपके द्वारा अपने डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स को प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, कभी-कभी यह पक्का करने के लिए एक एलर्जी आकलन की ज़रूरत पड़ सकती है कि क्या आप किसी एंटीबायोटिक से वास्तव में एलर्जिक हैं।

यदि मुझे किसी एंटीबायोटिक से साइड इफैक्ट हो चुका हो तो मैं क्या कर सकता हूँ?

यदि आपको कोई साइड इफैक्ट हो चुका हो, तो आपको ख़ुद के बारे में यह "निर्धारित" नहीं कर लेना चाहिए कि आप किसी एंटीबायोटिक से एलर्जिक हैं। ऐसा करना आपको भविष्य में किसी संक्रमण के लिए सबसे अच्छे एंटीबायोटिक्स प्राप्त करने से रोक सकता है।
अगर आप सोचते हैं कि आपको किसी एंटीबायोटिक से साइड इफैक्ट हो चुका है तो आपको यह बात अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट को बतानी चाहिए। एंटीबायोटिक के कई साइड इफैक्टों का सुरक्षित तरीके से ईलाज किया जा सकता है ताकि आप अपने डॉक्टर द्वारा लिखा गया एंटीबायोटिक का कोर्स पूरा कर सकें।

रोगी सूचना
दस्तावेज़ शीर्षक: एंटीबायोटिक से एलर्जियाँ और साइड इफेक्ट्स

और अधिक जानकारी के लिए कृपया यह वेबसाइट देखें:
https://antibioticallergy.org.au/

आपात-स्थिति होने पर, कृपया एम्बुलैंस के लिए 000 डायल करें या अपने नज़दीकी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में जाएँ।

प्रस्तुत करने की तिथि: मार्च 2023